भिलाई में आंगनबाड़ी सहायिका की हुई नियुक्ति, महापौर नीरज पाल ने दिया महिलाओं को नियुक्ति पत्र

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल ने 4 आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। अब यह महिलाएं आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्य करेंगी। एमआईसी में इनकी नियुक्ति को लेकर हरी झंडी दी गई थी और विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर महिलाओं के चेहरे में मुस्कान साफ नजर आ रही थी। महापौर ने इन्हें बधाई देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सहायिका की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण होती है। एक वार्ड , मोहल्ले में आंगनबाड़ी सहायिका शासकीय योजनाओं आदि को लेकर अहम भूमिका अदा करती है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आंगनबाड़ी सहायिका का नियुक्ति आदेश जारी किया है। अब यह महिलाएं निर्धारित वार्ड क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिका की जिम्मेदारी निभाएंगी। महापौर नीरज पाल के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में रेणु साहू गुप्ता आंगनबाड़ी सहायिका , गीता आंगनबाड़ी सहायिका , देवकी पाल आंगनबाड़ी सहायिका एवं अनीता कुर्रे आंगनबाड़ी सहायिका शामिल रही। रेणु साहू गुप्ता को वार्ड क्रमांक 64 सेक्टर 10, गीता को वार्ड क्रमांक 34 सुभाष नगर, देवकी पाल को वार्ड 38 शहीद वीर नारायण सिंह नगर तथा अनीता कुर्रे को वार्ड 3 कोसानगर में नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त इन आंगनबाड़ी सहायिका को अनिवार्य रूप से विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति इन्हें अनिवार्य रूप से परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई में देना होगा , इसके बाद ही इनकी उपस्थिति मान्य होगी। नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू व अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।